महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 529.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अगस्त तक 529.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 511.2 मिली मीटर, पुसौर में 627.9, खरसिया में 503.9, सारंगढ़ में 583.5, बरमकेला में 482.0, घरघोड़ा में 522.7, तमनार में 443.1, लैलूंगा में 515.0 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 579.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

आईटीआई लैलूंगा में विभिन्न ट्रेड के लिए 8 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा में विद्युतकार, कोपा, मैकेनिक डीजल, फिटर, वेल्डर में सत्र 2021 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 8 अगस्त 2021 तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा, जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/बहुउद्देशीय कार्यकर्ता के रिक्त पदों की चयन सह प्रतीक्षा सूची जारी

रायगढ़। प्रशिक्षित मितानिन के लिए आरक्षित पदों पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/बहुउद्देशीय कार्यकर्ता महिला के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। अभ्यर्थियों के परीक्षा उपरांत प्राप्तांकों की अंतिम मेरिट के आधार पर मूल दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया। तत्पश्चात ऑनलाइन प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर सूची तथा अंतिम मेरिट सूची एवं अपात्र सूची तथा संवर्गवार चयन सह प्रतीक्षा सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड किया गया है।

तेज रफ्तार बस की ठोकर से युवक की मौत,बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। जशपुर में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपने गांव से जामटोली जा रहा था। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस जब्त कर ली है। वहीं युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। बस झारखंड नंबर की है। हादसा कुनकुरी थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, बेमतोटोली निवासी अरविंद लकड़ा (28) पुत्र फ्रांसिस लकड़ा मंगलवार सुबह अपने गांव से बाइक पर जामटोली जा रहा था। इसी दौरान टंगरापानी गांव के पास तेज रफ्तार बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अरविंद उछलकर सड़क पर जा गिरा और सिर पर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि यात्री बस पूजा रथ रांची से पत्थलगांव की ओर जा रही थी। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया है।

वन अधिकार पट्टाधारियों के केसीसी बनाने चलाए अभियान-कलेक्टर भीम सिंह

» तमनार, पुसौर, बरमकेला शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड, बाकी में टीकाकरण पूरा करने हर हफ्ते चलेगा अभियान

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने वन अधिकार पट्टाधारियों के केसीसी निर्माण हेतु अभियान चलाने के निर्देश अपेक्स बैंक मैनेजर को दिए। इसके लिए उन्होंने आरएईओ की सहायता लेने के लिए कहा। साथ ही कृषि संगवारी के माध्यम से हितग्राहियों को समितियों में लाने तथा उनके केसीसी बनाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों के मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक संख्या में उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने धान के बदले अन्य फसल तथा वृक्षारोपण की भी विकासखण्डवार समीक्षा की। इसके लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किए गए है वहां वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा सहमति प्राप्त किसानों से फसल की बुआई पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ऐसे किसानों का राजीव गांधी किसान न्याय योजना में पंजीयन भी समय-सीमा के भीतर करवाने के लिए कहा। वृक्षारोपण हेतु किसानों की मांग अनुसार वेरायटी के आम व मुनगा जैसे पौधे उन्हें जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को दिए। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण के लिए भूमि का चिन्हांकन कर उपलब्ध करवाने हेतु एसडीएम को निर्देशित किया। जिसके आधार पर वृक्षारोपण के लिए इस्टीमेट तैयार किया जाएगा। चिन्हांकित भूमि पर वृक्षारोपण के पश्चात उसे भुईंया में अपडेट करने के लिए कहा। उन्होंने वृक्षारोपण का कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने निर्देश दिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने 2 अगस्त से हो रहे स्कूल संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल के अनुसार सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही स्कूलों में बच्चों को कोविड से बचाव के उपायों को बताने व व्यवहार में अमल करने हेतु लगातार प्रोत्साहित करने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को चार्ट बनाकर सभी स्कूलों के लिए प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर सिंह ने राजस्व न्यायालयों के निरीक्षण उपरांत प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके साथ ही राजस्व अभिलेखों के दुरूस्तीकरण का कार्य भी तेजी से करते हुये गिरदावरी कार्य शुरू होने से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जनचौपाल तथा पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। जिन विभागों से प्रकरणों का निराकरण नहीं हुआ है उसे जल्द पूरा करने के निर्देश उन्होंने दिए।

बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर भीम सिंह ने विकासखण्डवार गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। गौठानों में तैयार खाद को पैक कर समितियों में भंडारण के निर्देश दिए। उन्होंने समूहों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कहा। उप संचालक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि सारंगढ़ में महिला समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की पैकेजिंग के लिए बैग तैयार किए जा रहे है, उनसे बैग खरीदकर जिले के सभी गौठानों में उपलब्ध करवायें। कलेक्टर भीम सिंह ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कम्पोस्ट पैकेजिंग के लिए कही भी बैग की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गौठानों के निरीक्षण के लिए जिला अधिकारियों के रोस्टर तैयार करने निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के हितग्राहियों से कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कॉल से किया चर्चा

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सफल क्रियान्वयन एवं उसके परिणाम के लाभ की समीक्षा हेतु कलेक्टर भीम सिंह ने हितग्राहियों से वीडियो कॉल के माध्यम से चर्चा की तथा उनका हाल चाल जाना। सारंगढ़ विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोडम अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंड्री के साप्ताहिक बाजार में हाट-बाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य बीमारियां जैसे बुखार, सर्दी, खासी, उल्टी, दाद, खुजली, सर दर्द, बदन दर्द, नाक, कान, गला आदि का इलाज के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। पहले मरीजों को बीमारियों के कारण अस्पताल जाना पड़ता था, किंतु इस योजना के माध्यम से स्वयं डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उन तक आकर स्वास्थ्य लाभ पहुचा रहे है। जिसके लिए हितग्राहियों द्वारा इस योजना हेतु शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

पहले दिन राज्य में विद्यार्थियों की उपस्थिति में रायगढ़ जिले में सर्वाधिक रही

रायगढ़ । शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त सोमवार को स्कूलों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर भीम सिंह के कुशल निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी आदित्य के मार्गदर्शन में स्कूल खोलने के पहले दिन समूचे राज्य में विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिहाज से रायगढ़ जिले में विद्यार्थियों की उपस्थिति सर्वाधिक रही। विदित हो कि सोमवार को रायगढ़ जिले में स्कूल खुलते ही विद्यार्थी चेहरे पर मुस्कान लिए, मास्क पहने, कंधे पर बस्ता लटकाए, खुशी की उछालें भरते विद्यालयों में नजर आए। स्कूलों में विद्यार्थियों की एंट्री से लेकर पढ़ाई कराने तक कोरोना गाइडलाइंस का सख्ती से पालन भी किया गया तथा जिले में स्कूल खुलने का उत्साह विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के चेहरे में भी साफ नजर आया। शासकीय-अशासकीय सभी स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य व सुरक्षा के मद्देनजर बेहतर इंतजामातों के तहत स्क्रीनिंग, मास्क तथा सैनिटाइजर की बेहतर व्यवस्था देखी गई। विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार बच्चों की उपस्थिति व कोविड-19 के मद्देनजर अन्य सभी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने व बच्चों की सुविधा के अनुसार हैंड वास व सैनिटाइजेशन की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए थे, जिसका परिपालन जिले के सभी विद्यालयों में देखने को मिला। स्कूल पहुंचते ही जिले के कई विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कलेक्टर भीम सिंह, डीईओ आर.पी.आदित्य तथा शिक्षा विभाग के अन्य सक्षम अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई व उनकी सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्कूल स्टाफ को गाइडलाइंस के अनुसार कक्षा संचालन के निर्देश दिए गए। साथ ही बच्चों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया।

सोमवार 2 अगस्त को स्कूल खुलने के पहले दिन यदि विद्यार्थियों की उपस्थिति के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो समूचे राज्य में विद्यार्थियों की उपस्थिति रायगढ़ जिले में 57.42 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक रही। वहीं राज्य में स्कूल खुलने के पहले दिन प्राथमिक स्तर पर 44.91 प्रतिशत उपस्थिति, उच्च प्राथमिक स्तर पर 38.31 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं, 12वीं में 35.58 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

500 लीटर चोरी की डीजल के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, बोलेरो जब्त

» आदतन हैं आरोपीगण पहले भी चोरी के मामले में जा चुके हैं जेल

रायगढ़। तमनार थाना प्रभारी एल.पी. पटेल के नेतृत्व में आज दिनांक 03/08/2021 को तमनार पुलिस द्वारा रात के समय सुनसान जगहों पर खड़ी वाहनों से डीजल की चोरी करने वाले गैंग के तीन चोरों को पकड़ा गया है, जिनसे 500 लीटर चोरी की डीजल एवं चोरी में प्रयुक्त एक बोलेरो वाहन की जप्ती कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 03/08/2021 को थाना तमनार में ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक पितेश्वर बेहरा पिता जागेश्वर बेहरा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बागबाडी थाना तमनार द्वारा इसके हुकराडीपा तमनार आफिस के पास कम्पनी के हाइवा वाहन के लिये डिब्बा में भरकर रखी हुई 500 लीटर डीजल को दिनांक 01/08/2021 के रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना प्रभारी तमनार एल.पी. पटेल द्वारा मुखबिरों के साथ बीट आरक्षकों को डीजल चोरी करने वालों के संबंध में सूचना एकत्र करने का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में आज गारे रोड़ पर तीन व्यक्ति ब्लैक में डीजल बेचने के लिये ग्राहक तलाश करने की सूचना थाने के आरक्षक द्वारा दिया गया। सूचना पर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा गया है, जो पूर्व में डीजल चोरी के अपराध में जेल गये थे, हाल ही में छूटे हैं। पकड़े गये आरोपी 1- वरूण सिदार पिता खेल सिंह सिदार उम्र 28 वर्ष ग्राम चितवाही थाना तमनार 2- जनकराम चौहान पिता जेठूराम चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी बजरमुड़ा थाना तमनार 3- यदुमणी राठिया पिता धनेश्वर राठिया ग्राम आमगांव थाना तमनार द्वारा पुलिस की पूछताछ में हुकराडीपा से बोलेरो वाहन में जाकर डीजल की चोरी करना कबूल किया गया है।

आरोपियों के मेमोरंडम पर चोरी की 500 लीटर डीजल कीमती करीब 49,000 रूपये तथा चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सीजी 16 सीएल 6718 कीमती 5,00,000 रूपये (जुमला कीमती 5,49,000 रुपए) की जप्ती की गई है। आरोपियों को थाना तमनार के अप.क्र. 244/2021 धारा 379 आईपीसी+ 34 आईपीसी में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों की पतासाजी एवं चोरी के माल बरामदगी में थाना प्रभारी तमनार एल.पी. पटेल के हमराह सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत एवं आरक्षक अरविंद पटनायक की अहम भूमिका रही है।

बंजारी मंदिर के पास लोहे का कत्ता लेकर घूम रहे युवक पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

रायगढ़। दिनांक 03.08.21 को थाना पूंजीपथरा में पदस्थ उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल को उनके बीट क्षेत्र बंजारी मंदिर के पास एक युवक धारधार लोहे का कत्ता लेकर लोगों को डराने -धमकाने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल उप निरीक्षक जायसवाल, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक अदिकंद प्रधान के साथ मौके पर जाकर सुरक्षात्मक उपाय कर संदिग्ध युवक को कत्ता के साथ पकड़े। पकड़ा गया युवक अपना नाम सोनु चौहान उर्फ शनि पिता सल्फु चौहान उम्र 26 वर्ष सा. किरोडीमल इंदिरा आवास का बताया जिसके कब्जे से जप्त एक लोहे का कत्ता जिसकी लंबाई करीब 10 इंच और चौडाई 02 इंच है। आरोपी के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

एसपी ने गुम इंसानों की सूचना देने जारी किए ईनाम उद्घोषणा

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा लंबित गुम नाबालिगों की खोजबिन को लेकर बेहद गंभीर है, क्राईम मीटिंग पर उनके द्वारा सभी अदम दस्तयाब गुम बालक- बालिकाओं की पतासाजी हेतु अनिवार्य रूप से थाना, चौकी प्रभारियों को ईशतहार एवं ईनाम उद्घोषणा जारी करने का निर्देश दिया गया है, जिससे आमजन को उनके आसपास किसी गुम इंसान होने की जानकारी मिलने पर उनकी सूचना पुलिस तक दे सकें।

निर्देशों के पालन में आज दिनांक 03/08/2021 को चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) के अप.क्र. 1056/2021 धारा 363 भादवि में अपहृत बालक चंद्रचुर्ण साहू पिता देवचरण साहू (17 वर्ष 6 माह) साल निवासी नवापारा कबीर चौक जूटमिल रायगढ़ की खोजबीन के लिए पुलिस अधीक्षक के समक्ष ईनाम उद्घोषणा जारी करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपए का ईनाम उद्घोषणा आज जारी किया गया है, जिसके अनुसार गुम नाबालिग के दस्तयाबी हो सके अथवा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हो सके ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति को 5,000 रूपये के ईनाम से पुरस्कृत किया जावेगा। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जावेगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ का निर्णय अंतिम होगा।

सूचनाकर्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ (94791-93201), नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़(94791-93202), थाना प्रभारी कोतवाली(94791-93209), चौकी प्रभारी जूटमिल (94791-93229)एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़(94791-93229) को सूचना दे सकतें हैं।

ट्रक और टाटा मैजिक के बीच हुई भिडंत 2 गंभीर

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम आसना के पास एनएच 30 में बीती रात ट्रक और टाटा मैजिक के बीच हुई भिडंत में टाटा मैजिक सवार 02 लोग प्रदीप ढीमर एवं मानसिंह राठौर गंभीर रूप से घायल हो गये, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस के साथ ही डायल 112 मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकालकर उन्हें उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे के रायपुर की ओर से आ रही टाटा मैजिक और जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही ट्रक के साथ भिड़ंत हो गई। वाहन में बैठे दो लोग बुरी तरह से वाहन में दब गये थे, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद लोगो की सहायता से बाहर निकाला गया।

संयुक्त खाते की जमीन के विक्रय के प्रयास में विफल रहे बैरागी मिरी ने तनाव के कारण की आत्म हत्या

रायगढ़ । रायगढ़ जिले के कटंगपाली निवासी बैरागी मिरी ने संयुक्त खाते की पैतृक भूमि के विक्रय का गलत तरीके से सौदा करने तथा इसमें विफल रहने के कारण उत्पन्न तनाव के चलते जहर का सेवन कर आत्म हत्या कर ली। इस बात का खुलासा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ ने अपने प्रतिवेदन में किया है। एसडीएम ने बैरागी मिरी द्वारा जहर का सेवन करने के संबंध में नायब तहसीलदार बरमकेला तथा हल्का नंबर तीन के पटवारी शैलेन्द्र पटेल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर रायगढ़ को प्रेषित प्रतिवेदन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि बैरागी मिरी अपने स्वर्गीय पिता भोजराम के नाम पर धारित भूमि रकबा 0.704 हेक्टेयर को सिर्फ अपने नाम पर फौती कटाने के लिए प्रयासरत था। वह पैतृक भूमि के फौती से अपनी बहनों, मृत भाई की पत्नी एवं उसकी पुत्री के नाम को विलोपित करना चाह रहा था, जो कि विधि सम्मत न होने की वजह से सम्भव नहीं था।

इस संबंध में पटवारी शैलेन्द्र पटेल ने एसडीएम सारंगढ़ को प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि संयुक्त खाते की पैतृक जमीन को अवैधानिक तरीके से विक्रय कराने के लिए भूमि दलाल भुनेश्वर खुटे एवं धनसिंह ने क्रेता माधव मिरी से पांच लाख रूपए लिए और मृतक बैरागी मिरी को एक लाख रूपए देकर उसे यह भरोसा दिलाया कि पैतृक भूमि से उसकी बहन एवं अन्य भाई के वंशज का नाम विलुप्त कराकर केवल मृतक बैरागी मिरी के नाम से फौती दुरूस्त कराकर जमीन की बिक्री करवा देंगे। फौती सिर्फ अपने नाम से कटवाने की विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन मृतक बैरागी मिरी द्वारा नहीं किया गया। फौती से अपनी बहनों एवं मृत भाई के वैध वारिसान के नाम को विलोपित करने के संबंध में मृतक द्वारा दिए गए आवेदन के संदर्भ में नायब तहसीलदार द्वारा उसे उप पंजीयक कार्यालय से विधिवत अन्य वारिसान का सहमति के आधार पर हक त्यागनामा प्रस्तुत करने की समझाईश दी गई थी। मृतक बैरागी मिरी इसके बाद न तो नायब तहसीलदार के न्यायालय में उपस्थित हुआ, न ही न्यायालय में कोई आवेदन दिया है। इसी बीच दलालों के माध्यम से रकबा 0.168 हेक्टेयर भूमि के क्रय का सौदा करने वाले माधव मिरी द्वारा सौदे की भूमि पर मिट्टी पाटने के साथ ही कब्जा किया जा रहा था। सौदे की भूमि के विक्रय में विफल रहने तथा सौदे के रूप में प्राप्त राशि को लौटाने की असमर्थता के कारण उत्पन्न तनाव के चलते बैरागी मिरी द्वारा सोमवार 2 अगस्त को बरमकेला तहसील ऑफिस के सामने जहर का सेवन कर लिया। बैरागी मिरी को आनन-फानन में बरमकेला हॉस्पिटल ले जाया गया, परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु को गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480